महत्वपूर्ण एवं खास

बीएसयूपी, रावतपुरा और काठाडीह के रहवासियों को भव्य उद्यान की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी रावतपुरा और काठाडीह परिसर को रहवासियों के लिए शीघ्र सुविधायुक्त बनाने की दृष्टि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण एवं विकास सहित सौंदर्यीकरण, मकानों की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार के प्रगतिरत कार्यों का कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया।

अलग-अलग क्षेत्र से दो बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी सरोना निवासी प्रार्थी संजय चौधरी 34 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 1530 को सरोना शराब दुकान क पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने उसे पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में रामकुंड आजाद चौक निवासी टीकेश्वर सोनकर 21 वर्ष ने गुढियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनयू 5636 को गोपाल नगर रामनगर के पास खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

देश को कांग्रेस मुक्त बनाएंगे - पुरंदर मिश्रा

रायपुर (आरएनएस)। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुक्त भारत करना हमारा संकल्प है। आने वाले दिनों में कांग्रेस एक कमरे में सिमट कर रह जाएगी। रायपुर उत्तर से विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आज आईएएस अफसर जेल में हैं। कांग्रेस ने (उन्हें) काला धन अर्जित करने का आदेश दिया था। वहीं विधायक देवेंद्र यादव को जमानत मिलने पर उन्होंने कहा कि यादव लोग तो गाय पालते हैं, बेल क्यों मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में गुटबाजी है। हर एक आदमी का अपना एक गुट है। इनका भी एक अलग गुट है। भूपेश बघेल के समर्थक माने जाते हैं। सोचने वाली बात यह है कि 140 साल पुरानी पार्टी के अंदर इतनी अंतर्कलह क्यों है।

निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा में किया प्रवेश

जिला मंत्री की अगुवाई में हुए शामिल

सूरजपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नगर पालिका सूरजपुर के निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा में प्रवेश किया। बीजेपी युवा मोर्चा के जिला मंत्री देव गुप्ता की अगुवाई में सभी लोग पार्टी में शामिल हुए। सभी 17 नंबर वार्ड और 18 नबर वार्ड के निर्दलीय पार्षद हैं। वहीं इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली सोनी और विधायक भूलन सिंह मारावी उपस्थिति रहे। भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए सभी पार्षदों का में स्वागत किया गया। नगर पालिक सुराजपुर के 18 वार्ड में 8 में भाजपा के पार्षद जीते थे। जबकि कांग्रेस ने 6 सीट अपने नाम किया है। वहीं 4 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है। इनमें से 2 निर्दलीय पार्षद ललन सोनवनी और करमातो राजवाड़े भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसी के साथ ही भाजपा के पास उपाध्यक्ष बनाने के लिए रस्ता साफ हो गया है।

आजादी के बाद पहली बार नक्सलियों की नर्सरी पूवर्ती गांव में मतदान : टॉप नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव में वोटिंग

जगदलपुर | आरएनएस

जिस गांव में कभी परिंदे भी पर मारने से कतराते थे, जहां नक्सलियों की तूती बोला करती थी, उस गांव में देश की आजादी के बाद पहली बार मतदान हो रहा है। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में ग्रामीण बढ़ चढक़र भाग ले रहे हैं। ये गांव है नक्सलियों की नर्सरी कहे जाने वाले पूवर्ती। पूवर्ती टॉप नक्सली कमांडर हिड़मा का गृहग्राम है। हिड़मा के साथ ही कई और भी खूंखार नक्सली इस गांव में पैदा हुए और पले बढ़े हैं।

बस्तर संभाग का सुकमा जिला नक्सल घटनाओं के मामले में देश का सबसे संवेदनशील जिला माना जाता है। इस जिले में स्थित पूवर्ती की तो बात ही कुछ और है। देश के विभिन्न भागों में सक्रिय कई बड़े नक्सली लीडर इसी गांव की पैदाईश हैं। हिड़मा टॉप नक्सली कमांडर है और वह पूवर्ती गांव में ही पैदा हुआ है। पुलिस और सुरक्षा बलों की मोस्ट वांटेड नक्सलियों की लिस्ट में हिड़मा का नाम शीर्ष पर है और उस पर संभवत: एक करोड़ का ईनाम घोषित है। कुछ ही दिनों पहले बालाघाट जिले में हॉकफोर्स के साथ मुठभेड़ में मारी गई चार महिला नक्सलियों में 20 लाख की ईनामी कान्हा भोरमदेव डिवीजन की कमांडर आशा 14 लाख की ईनामी सारिता उर्फ शीला उर्फ पदम और 14 लाख की ईनामी लक्खे मरावी सुकमा जिले की ही थीं। पूवर्ती में नक्सली खेती किसानी भी करते रहे हैं। हिड़मा की मां अभी पूवर्ती में ही रहती है। बताते हैं कि मध्यप्रदेश में सक्रिय नक्सलियों में 80 प्रतिशत नक्सली बस्तर संभाग के हैं और उनमें भी ज्यादातर सुकमा जिले के ही हैं। पूवर्ती गांव में सुरक्षा बलों का कैंप स्थापित हो चुका है और वहां की फिजा बदल चुकी है। इस गांव में कभी पंच सरपंच तक के लिए भी मतदान नहीं हुआ था, विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए मतदान तो दूर की बात। आजादी के बाद पहली बार पूवर्ती में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हो रहा है। मतदान केंद्र में सुबह से ग्रामीणों की कतार लगी हुई है। लोग पूरे उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं। इलाके की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में जवान तैनात किए गए हैं।

- गृहमंत्री विजय शर्मा जा चुके हैं पूवर्ती

पूवर्ती सुकमा जिले का दुर्गम गांव रहा है। वहां कभी प्रशासनिक अमला नहीं पहुंच पाया था। वजह सिर्फ नक्सलियों का खौफ। देश और छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार आने तथा नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू कर देने के बाद पूवर्ती समेत बस्तर संभाग के पचासों अति नक्सल प्रभावित गांवों में बदलाव की बयार बहने लगी है। जिन गांवों में परिंदे भी नक्सलियों की इजाजत के बिना पर नहीं मार सकते थे, उन गांवों में अमन कायम हो चुका है। ग्रामीणों के बीच से नक्सलियों की दहशत दूर हो चुकी है और वे मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। विजय शर्मा छत्तीसगढ़ के पहले उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री हैं, जिन्होंने नक्सल गढ़ पूवर्ती में कदम रखे थे। वहां विजय शर्मा ने जमीन पर बैठकर ग्रामीणों का दुख दर्द सुना था। इसके बाद से ही वहां के ग्रामीणों का भरोसा शासन प्रशासन पर बढ़ गया है। पंचायत चुनाव में पूवर्ती के ग्रामीणों की सहभागिता इस बात का सबूत है।

- फोर्स ने किया था हिड़मा की मां का इलाज

पूवर्ती गांव के पास ही पिछले साल सीआरपीएफ का कैंप स्थापित हुआ है। तभी से सीआरपीएफ की मेडिकल टीम और जवान पूवर्ती समेत आसपास के ग्रामीणों की सेवा के कार्य कर उनका विश्वास जीतने में लगे हैं। लगभग सालभर पहले पुलिस और प्रशासन के कुछ बड़े अधिकारी पूवर्ती पहुंचे थे। तब वहां सीआरपीएफ की मेडिकल टीम ने स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर लगाया था। इस शिविर में नक्सली कमांडर हिड़मा की वयोवृद्ध मां भी इलाज कराने पहुंची थी। सीआरपीएफ की मेडिकल टीम और जवानों ने समर्पण भाव से हिड़मा की मां समेत सभी ग्रामीणों का उपचार किया था और दवाएं भी दी थी। अब इस गांव में जवानों की आमदरफ्त लगातार बनी रहती है और गांव के युवक बल के जवानों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने लगे हैं।

गौवंश के हत्यारों पर ईनाम 6 माह के भीतर 3 घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश : पार्षद नूतन ने एसपी को सौंपा आवेदन

कोरबा | आरएनएस

कोरबा जिले में सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी बस्ती में हसदेव नदी तट पर पुन: बछड़े का कटा हुआ पैर मिला है। आस पास के लोगो को इसकी जानकारी होने पर भीड़ जुट गई। पुलिस को सूचना देने पर गौ वंश के अवशेष को दफन करा दिया गया। एक माह पूर्व भी बछड़े का कटा हुआ सिर और पैर हसदेव नदी घाट पर फेंका गया था। इन दोनों मामले में मांस भक्षण की नियत से बछड़े की हत्या कर अवशेष को नदी तट पर फेंका गया है। पुरानी बस्ती कोरबा में लगातार गौ वंश की हत्या हो रही है जिससे क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। 6 माह के भीतर यह तीसरी घटना है। पुरानी बस्ती कोरबा के नवनिर्वाचित पार्षद नूतनसिंह ठाकुर ने कोतवाली पुलिस पर तत्काल एफआईआर दर्ज दबाव बनाया उसके बाद कोतवाली पुलिस ने धारा 325 बीएनएस के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपी को पकडऩे के लिए सूचना देने वाले को पार्षद नूतनसिंह ठाकुर ने 15000/- रू. नगद पुरस्कार राशि देने की घोषणा किया है। पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में नूतनसिंह ने मामले की सूक्ष्म जांच करने तथा संदेहियों को पकडक़र कड़ी कार्रवाई करने का निवेदन किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में किया मतदान

❒ परिवार संग लोकतंत्र के महापर्व में निभाई भागीदारी

रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जशपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कांसाबेल के शासकीय प्राथमिक शाला, बगिया स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-45 में मतदान किया।

मुख्यमंत्री साय ने मतदान केंद्र में कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और निर्वाचन अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मुख्यमंत्री साय के साथ उनकी माताजी जसमनी देवी, धर्मपत्नी कौशल्या साय, भाई विनोद साय सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी मतदान किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। प्रदेश की समृद्धि और विकास के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

ग्रामीणों ने किया नेशनल हाईवे जाम : चुनाव में लगाया धांधली का आरोप 2 घंटे तक आवागमन बाधित

सूरजपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में पंचायत चुनाव के दौरान पंच- सरपंच चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने थाने के सामने नेशनल हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन पर सहयोग न करने का आरोप लगा जमकर नारेबाजी की। चक्काजाम के दौरान कई बार प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों एवं पुलिस के बीच धक्का मुक्की की नौबत आ गई थी।

चुनाव के दौरान धांधली का आरोप लगा ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपना चाह रहे थे। लेकिन अधिकारी ज्ञापन लेने के बजाए आनाकानी कर रहे थे। जिससे नाराज ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए चक्काजाम करते हुए नेशनल हाईवे जाम कर दिया। लगभग एक घंटे तक चले चक्काजाम के दौरान ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए थे। उनका कहना था कि प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आए और उनकी समस्या का निराकरण करें। इस दौरान थाने के सामने भारी अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया था। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश का भी इन पर कोई असर नही पड़ रहा था।

टंगिए से हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

कोरबा | आरएनएस

कोरबा जिले के पसान थाने अंतर्गत कोरबा क्षेत्र के ग्राम बगबुडी गांव में 70 साल के निवासी महासिंह पिता स्वर्गीय रघुनाथ सिंह ने अपने पत्नी दसमतिया बाई 60 वर्ष को टंगिए से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ने एक साथ भोजन के पूर्व शराब का सेवन किया। इसके बाद किसी बात को लेकर दोनों में कहा-सुनी हुई और आधी रात को आवेश में आकर महासिंह ने टंगिए से जानलेवा हमला कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। सुबह होते ही हत्यारा महासिंह अपने परिवारजनों को घटने की सूचना देकर पुलिस चौकी जाने के नाम से निकला। तत्पश्चात घटना की खबर उसके परिवारजनों ने सरपंच जोहन सिंह एवं निर्वाचित सरपंच पति अजय कुमार को अवगत कराया। खबर मिलते ही चौकी प्रभारी अफसर हुसैन खान ने फौरन घटना स्थल रवाना होकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु पोड़ी उपरोड़ा रवाना किया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त आरोपी की कोई संतान नहीं है और वह शराबी किस्म का व्यक्ति था। चौकी प्रभारी अफसर हुसैन खान ने बताया कि आरोपी महासिंह अपने पत्नी की हत्या कर चौकी जाने के नाम पर घर से निकला, उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

इशारों में बातें हुई और थामा एक दूजे का हाथ

❒ नगरी में दिव्यांग युवक - युवती की हुई शादी

नगरी | आरएनएस

नगर पंचायत नगरी में 21 फरवरी को अनोखी शादी देखने को मिली मूकबधिर दिव्यांग युवक - युवती की शादी हुई। जिसमें कोंडागांव के ऋषभ जैन ने नगरी की रोशनी जैन से विवाह किया। 15 जनवरी को कोंडागांव से विमल बुरड़ अपने स्वजनों के साथ अपने दिव्यांग बेटे ऋषभ जैन के लिए लडक़ी देखने नगरी निवासी भोमराज जैन के निवास पहुंचे थे। यहां संजय जैन की दिव्यांग बेटी रोशनी जैन को उन्होंने पहली बार देखा। फिर दिव्यांग रोशनी और ऋषभ ने एक दूसरे से इशारों में बातें की और भावनाओं को समझा और पसंद किया। इसके बाद स्वजनों ने आपसी चर्चा कर रिश्ता तय किया।

स्वजन अधिवक्ता अभिषेक जैन ने बताया कि उनकी बुआ कोंडागांव में रहती है। भाईदूज में वहां गए थे तो उन्होंने बताया कि शादी योग्य एक लडक़ा मूकबधिर है। फिर हमने संपर्क किया और चर्चा कर उन्हें लडक़ी देखने आमंत्रित किया। स्वजनों सहित 15 जनवरी को पहली बार नगरी निवास पहुंचे जहां दोनों ने एक दूसरे को देखा और समझा। उसके बाद दोनों परिवारों ने मिलकर सगाई और शादी एक साथ करने की तिथि तय किया। 21 फरवरी को दोपहर एक बजे सगाई हुई और शाम छह बजे दोनों दिव्यांगों की शादी हुई। कोंडागांव से 30 लोग बाराती बनकर आए थे।

- दिव्यांग वर/वधु का संक्षिप्त परिचय

दोनों वर - वधु जन्म से मूकबधिर दिव्यांग है। नगरी निवासी दिव्यांग रोशनी जैन 25 वर्ष की है। 12 वीं के बाद आईटी कोपा की है। कंप्यूटर चलाना जानती है। घर के सारे काम कर लेती है।

वहीं कोंडागांव के दिव्यांग ऋषभ जैन 27 साल के है। नौवीं तक पढ़ाई किया है। इनकी टायर्स की दुकान है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सरणीकरण के बाद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 14 तक का परिणाम विधिवत रूप से घोषणा

❒ रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया

कवर्धा-रायपुर | आरएनएस

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में दो चरण 17 और 20 फरवरी को मतदान कार्य संपन्न हुआ था। इसके बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में प्रथम चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के 06 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण और दूसरे चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को विकासखंड पंडरिया और बोड़ला के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र का सारणीकरण किया गया। सारणीकरण के बाद परिणाम की घोषणा की गई। जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मती गीता रायस्त, उपसंचालक राज तिवारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, मती रश्मि दुबे, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

जिला पंचायत सीईओं एवं रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से दीपा पप्पू धुर्वे को 13704 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अंजू मेरावी को 2165 मत, किरण टेकाम को 2680 मत, राधा ललित धुर्वे को 6060 मत और सरस्वती पुसाम को 5351 मत प्राप्त हुए। पंचायत क्षेत्र क्रमांक 02 से अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को 19039 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अनुसुइया मनिराम साहू को 2799 मत, उत्तरादेवी गोकुल साहू को 13428 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 से रामकुमार भट्ट को 16962 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमर बंजोर को 1064 मत, सुधांशु बघेल को 15441 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 से मती राजेश्वरी धृतलहरे को 26985 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से मती रेखा रामायण कुर्रे को 8284 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 05 से मती पूर्णिमा मनिराम साहू को 21402 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से अमृता नरेश निर्मलकर को 2046 मत, मती दीपिका संजय चंद्रवंशी को 1099 मत और मती राधा नारद चंद्रवंशी को 11236 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 से ललिता रूपसिंह धुर्वे को 12216 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से जगनी कामू बैगा को 12142 मत, मती रमौतीन राजकुमार चेचाम को 2924 मत और मती शुभौतिन मरकाम को 3513 मत प्राप्त हुए। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 से गंगा बाई लोकचंद साहू को 20459 मत प्राप्त हुए और जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए। इसके साथ ही इस क्षेत्र से मती गीता राजू पटेल को 12349 मत, मती सोनकुंवर साहू को 1782 मत प्राप्त हुए।